भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1367
सोमवार, 11 फरवरी, 2019/22 माघ, 1940 (शक)

## संगठित/असंगठित/निजी क्षेत्र में रोजगार

1367. श्री राजेशभाई चुड़ासमाः
श्री एस॰पी॰ मुद्दाहनुमे गौड़ाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास निजी क्षेत्र, संगठित और असंगठित क्षेत्र में रोजगार संबंधी आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान संगठित और असंगठित क्षेत्रों में प्रदान किए गए रोजगार का वर्ष-वार, क्षेत्र-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा संगठित अैर असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के आंकड़ों के संग्रहण के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के लिए गये लोगों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी पर आयोजित किए गए वार्षिक घरेलू सर्वेक्षण में उपलब्ध परिणामों के अनुसार, नियोजित व्यक्तियों का व्यापक मैक्रो-इकॉनामिक क्षेत्र-वार वितरण निम्नानुसार हैः

| क्षेत्र | 2012-13 | 2013-14 | 2015-16 |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 50.8 | 48.3 | 47.3 |
| द्वितीयक | 20.8 | 22.4 | 21.9 |
| तृतीयक | 28.4 | 29.3 | 31.0 |

*हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।

इसके अतिरिक्त, श्रम ब्यूरो द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी (ईयूएस) पर आयोजित किए गए उपलब्ध विगत तीन श्रम बल सर्वेक्षणों के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों हेतु सामान्य एवं प्रमुख सहायक स्थिति (यूपीएसएस) दृष्टिकोण पर आधारित अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 2012-13 में 51.0%, 2013-14 में 53.7% एवं 2015-16 में 50.5% था। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुबंध-। में दिए गए हैं।

(घ): विदेश मंत्रालय विदेशी रोजगार हेतु 18 ईसीआर देशों में से किसी में भी कानूनी रूप से यात्रा करने वाले उत्प्रवास जांच आवश्यक (ईसीआर) पासपोर्ट-धारकों के संबंध में आंकड़े रखता है। ये 18 देश नामतः संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, अफगानिस्तान, मलेशिया, लेबनान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सूडान, सीरिया, थाईलैंड, यमन, लीबिया, दक्षिण सूडान हैं। 2016-18 की अवधि के दौरान विदेशों में जाने वाले व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या अनुबंध-।। पर दी गई है।

अनुबंध-I

लोक सभा के दिनांक 11.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1367 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

सामान्य प्रमुख और सहायक स्थिति दृष्टिकोण के अनुसार 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात

(% में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2012-13 | 2013-14 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 60.6 | 64.8 | 61.6 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 58.4 | 63.4 | 62.1 |
| 3 | असम | 54.5 | 59.3 | 50.6 |
| 4 | बिहार | 44.1 | 48.0 | 48.4 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 61.9 | 65.6 | 67.3 |
| 6 | दिल्ली | 41.8 | 40.2 | 40.8 |
| 7 | गोवा | 43.7 | 47.9 | 44.7 |
| 8 | गुजरात | 48.1 | 52.9 | 49.0 |
| 9 | हरियाणा | 44.3 | 45.5 | 44.7 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 67.0 | 68.4 | 40.8 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 42.5 | 43.3 | 36.7 |
| 12 | झारखंड | 53.9 | 64.8 | 65.2 |
| 13 | कर्नाटक | 55.1 | 56.8 | 55.5 |
| 14 | केरल | 40.6 | 48.0 | 45.2 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 57.5 | 59.2 | 44.8 |
| 16 | महाराष्ट्र | 53.4 | 55.2 | 52.2 |
| 17 | मणिपुर | 54.7 | 61.2 | 59.9 |
| 18 | मेघालय | 58.9 | 68.7 | 62.8 |
| 19 | मिजोरम | 63.7 | 71.2 | 67.4 |
| 20 | नागालैंड | 48.1 | 49.8 | 63.5 |
| 21 | ओडिशा | 52.3 | 54.0 | 51.2 |
| 22 | पंजाब | 43.3 | 41.1 | 40.2 |
| 23 | राजस्थान | 51.2 | 54.5 | 53.7 |
| 24 | सिक्किम | 57.8 | 64.8 | 61.4 |
| 25 | तमिलनाडु | 55.4 | 58.3 | 56.3 |
| 26 | तेलंगाना | 0.0 | 65.1 | 56.6 |
| 27 | त्रिपुरा | 53.6 | 54.9 | 61.9 |
| 28 | उत्तराखंड | 44.7 | 46.9 | 44.6 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 45.5 | 48.1 | 43.7 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 50.3 | 48.7 | 50.7 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 37.6 | 53.7 | 54.1 |
| 32 | चंडीगढ़ | 39.0 | 39.7 | 37.1 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 48.2 | 42.1 | 45.4 |
| 34 | दमन और दीव | 53.3 | 43.2 | 50.1 |
| 35 | लक्षद्वीप | 40.0 | 42.8 | 34.6 |
| 36 | पुडुचेरी | 46.4 | 44.2 | 50.9 |
| | अखिल भारतीय | 51.0 | 53.7 | 50.5 |

स्रोत: श्रम ब्यूरो के रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षण

अनुबंध- II

संगठित/असंगठित/निजी क्षेत्र में रोजगार के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 11.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1367 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

वर्ष 2016,2017 एवं 2018 हेतु एफई द्वारा सीधी भर्ती और आरए द्वारा प्राप्त किए गए राज्य-वार उत्प्रवास क्लीयरेंस (ईसी)

| क्र.सं. | राज्य | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 17 | 13 | 12 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 27005 | 16216 | 15528 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3 | 3 | 0 |
| 4 | असम | 3876 | 2371 | 1667 |
| 5 | बिहार | 76385 | 64045 | 59181 |
| 6 | चंडीगढ़ | 218 | 129 | 101 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 187 | 116 | 109 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 8 | 10 | 3 |
| 9 | दमन और दीव | 32 | 24 | 37 |
| 10 | दिल्ली | 1783 | 1121 | 1107 |
| 11 | गोवा | 834 | 612 | 641 |
| 12 | गुजरात | 4544 | 3986 | 3314 |
| 13 | हरियाणा | 1978 | 1441 | 1382 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 774 | 628 | 399 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 4364 | 1900 | 2704 |
| 16 | झारखंड | 4924 | 3652 | 3664 |
| 17 | कर्नाटक | 6471 | 4749 | 4267 |
| 18 | केरल | 25166 | 15494 | 14496 |
| 19 | लक्षद्वीप | 4 | 5 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1334 | 906 | 974 |
| 21 | महाराष्ट्र | 10443 | 7209 | 7449 |
| 22 | मणिपुर | 16 | 17 | 12 |
| 23 | मेघालय | 9 | 6 | 5 |
| 24 | मिजोरम | 1 | 2 | 1 |
| 25 | नागालैंड | 1 | 2 | 5 |
| 26 | ओडिशा | 12314 | 10425 | 9832 |
| 27 | पांडिचेरी | 302 | 307 | 312 |
| 28 | पंजाब | 31860 | 25705 | 19777 |
| 29 | राजस्थान | 35167 | 29784 | 30272 |
| 30 | सिक्किम | 15 | 6 | 13 |
| 31 | तमिलनाडु | 42543 | 35466 | 31588 |
| 32 | तेलंगाना | 25081 | 16470 | 13085 |
| 33 | त्रिपुरा | 2905 | 1294 | 1218 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 143741 | 81096 | 86273 |
| 35 | उत्तराखंड | 3288 | 2010 | 2081 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 53346 | 34056 | 28648 |
| | संपूर्ण | 520938 | 361276 | 340157 |

* * स्टेट वाइज डेटा में आरए (रिक्रूटिंग एजेंट्स) द्वारा लिया गया उत्प्रवास क्लीयरेंस शामिल है, पीई (प्रोजेक्ट एक्सपोर्टर्स) या एफई द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से।

* आरए केवल उस पीओई कार्यालय से उत्प्रवास मंजूरी प्राप्त कर सकता है, जिसके अधिकार-क्षेत्र में उस आरए का कार्यालय स्थित है।

* स्रोत: विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार प्रभाग (06.02.2019 को)